इजराइली कंपनी ने चिप प्लांट के लिए आठ अरब डॉलर का प्रस्ताव दिया

नई दिल्ली, एजेंसी। इजरायल की चिप निर्माता कंपनी टॉवर ने भारत में सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने का प्रस्ताव सरकार को दिया है। कंपनी कुल आठ अरब डॉलर का निवेश करेगी। बताया जा रहा है कि कंपनी ने अपने प्रस्ताव में इस परियोजना के लिए सरकारी प्रोत्साहन दिए जाने की मांग भी की है।

भारत में 65 नैनोमीटर और 40 नैनोमीटर चिप बनाएगी: प्रस्ताव के मुताबिक, टावर कंपनी भारत में 65 नैनोमीटर और 40 नैनोमीटर चिप्स के उत्पादन के लिए प्लांट स्थापित करना चाहती है। इससे पहले साल 2022 में इंटरनेशनल सेमीकंडक्टर कंसोर्टियम (आईएससी) ने भारत की सेमीकंडक्टर स्कीम का हिस्सा बनने के लिए आवेदन दिया था। टावर भी इसी आईएससी का हिस्सा है। उस समय इंटेल ने टावर सेमीकंडक्टर को खरीदने की कोशिश की थी, इसके चलते सरकार ने आवेदन को स्वीकार नहीं किया था।

फॉक्सकॉन भी दौड़ में

ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने भी भारत में सेमीकंडक्टर चिप बनाने के लिए सरकार के पास आवेदन किया है। इसके लिए कंपनी ने पहले वेदांता समूह के साथ साझेदारी भी की थी लेकिन बाद में वह सौदे से अलग हो गई। फॉक्सकॉन को नई सहयोगी कंपनी मिल गई है। दोनों मिलकर भारत में 40 नैनोमीटर चिप प्लांट लगाएंगे।